दमोह एक्सप्रेस

■ हटा ■ तेंदूखेड़ा ■ कुम्हारी
■ पथरिया ■ जबेरा

राज एक्सप्रेस

www.rajexpress.com

शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026

नवरात्र, दशहरा, दीपावली एवं गुरु नानक जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक

त्योहारों को शांतिपूर्ण और भव्य बनाने समय पूर्व पूरी हों सभी व्यस्थाएं: यादव

आगामी त्योहारों पर रहेगी शांति और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता : पुलिस अधीक्षक

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

शारदेय नवरात्र, गरबा, दशहरा चल समारोह, दीपावली एवं गुरु नानक जयंती सहित आगामी पर्वों को हर्षोल्लास, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जायेगी। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में विशेष रूप से महिला एवं श्रद्धालु सुरक्षा, पंडालों एवं आयोजन स्थलों की सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश, यातायात और विसर्जन व्यवस्था एवं जनसुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसपी आनंद कलादगि सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा सभी त्योहार धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों तथा किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।



उन्होंने कहा नगर में साफ-सफाई, प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, खराब सड़कों की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण किए जाएं। उन्होंने आयोजकों से भी अपील की कि वे अपने-अपने आयोजनों में आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखें और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

कलेक्टर ने कहा त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

100 वर्ष की गौरवशाली रावण दहन परंपरा : कलेक्टर ने कहा शांति समिति की बैठक में जिले की गौरवशाली परंपराओं को लेकर भी चर्चा हुई। दमोह में लगभग 100 वर्षों से रावण दहन की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा रावण दहन के आयोजन के लिए दमोह का नाम देश के गिने-चुने स्थानों में आता है। इस परंपरा के 99 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस वर्ष 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा जिस भव्यता और उत्साह के साथ अब तक रावण दहन का आयोजन होता आया है, उसी भावना के साथ इस वर्ष भी सभी मिलकर आयोजन को और गरिमामय मनाया जाये। प्रशासन की ओर से आयोजन के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। एसपी आनंद कलादगि ने कहा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा इस बार और बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के साथ त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही अलग से बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

एसडीएम मौके पर पहुंचे, कार्रवाई और मुआवजे के आश्वासन के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

दमोह-हिंडोरिया मार्ग पर आनू के पास चौपरा तिगड्डा में बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार अजय उर्फ तुलसी पिता खूबचंद पटेल, निवासी चौपरा, की मौके पर मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर और बांदकपुर चौकी प्रभारी बीएस हजारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण आरोपी की गिरफ्तारी, ट्रैक्टर जब्त करने और बुलडोजर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बुधवार रात एसडीएम सौरभ गंधर्भ मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया



है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना की गई हैं। मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच जारी है।

ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था अजय : परिजनों के मुताबिक मृतक अजय पटेल ऑटो चलाने का काम करता था और रोजाना काम खत्म करने के बाद अपने घर लौटता था। हादसे में उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। जिला अस्पताल में भी परिजनों और परिचितों की भीड़ जमा हो गई।

हटा में कांग्रेस का प्रदर्शन, जलाए गए तीन पुतले, टीआई के हाथ झुलसे

हटा/दमोह (आरएनएन)। बड़ा बाजार में ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले जलाए। एक के बाद एक तीन पुतले जलाए गए। पुतला दहन को रोकने के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच झूमाझटकी हुई, जिसमें हटा टीआई सुधीर बेगी के हाथ झुलस गए। वही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल भी किया गया, जो कांग्रेसियों के हौसलों को नहीं तोड़ सका और एक के बाद तीनों पुतलों को आग के हवाले कर दिया गया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने तहसीलदार उमेश तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

ब्रीफ न्यूज

महादेव मंदिर में बड़ी चोरी, 5 ताले तोड़कर दानपेटी और चांदी के आभूषण ले गए चोर

दमोह (आरएनएन)। जिले के पथरिया थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। वार्ड क्रमांक 5, दमोह रोड स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। बुधवार देर रात चोरों ने मंदिर के मुख्य दरवाजे के 5 ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोग पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो ताले टूटे देखकर सन्न रह गए। जानकारी के अनुसार चोर मंदिर से 3 झूमर, दानपेटी में रखी नगदी, एम्पलीफायर और माता की प्रतिमा पर लगा चांदी का मुकुट, नथ और चांदी का हार ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पथरिया थाना प्रभारी महेंद्र जगत के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।स्थानीय निवासी कालीचरण पटेरिया ने बताया कि मंदिर में श्रृंगार का सामान भी गायब है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।



दारू बंद करो... मातृशक्ति आईं आगे, ठिकानों पर पहुंचकर तोड़फोड़, पुलिस ने संभाला मोर्चा

दमोह (आरएनएन)। दमोह के बासनी गांव में महिलाओं का विरोध गांव में शराब की बिक्री को लेकर महिलाओं का आक्रोश सामने आया है। बासनी गांव में मातृशक्ति ने आगे आकर 'दारू बंद करो' का नारा बुलंद किया और शराब बिक्री का विरोध जताया। महिलाओं का कहना है कि शराब की वजह से परिवारों पर बुरा असर पड़ रहा है, इसलिए गांव में शराब की बिक्री बंद होनी चाहिए। अवैध शराब बिक्री से आक्रोशित महिलाओं ने शराब बेचने वालों के ठिकानों पर पहुंचकर तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद मौके पर विवाद की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।



आज दमोह की 24 ग्राम पंचायतों एवं हिंडोरिया के 15 वार्डों में अधिकारियों का भ्रमण

दमोह(आरएनएन)। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत 9 अक्टूबर को विकासखंड दमोह अंतर्गत जनपद पंचायत दमोह की चिन्हित 24 ग्राम पंचायतों तथा नगर परिषद हिण्डोरिया के 15 नगरीय वार्डों में अधिकारियों द्वारा भ्रमण एवं विभिन्न कार्यालयों तथा संस्थाओं के निरीक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

गरबा स्थलों, पंडालों एवं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी निगरानी और यातायात व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

नवरात्र एवं दशहरा पर्व को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बैठक

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

आगामी नवरात्र, गरबा महोत्सव एवं दशहरा को जिलेभर में शांति, सद्भाव और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एक महत्वपूर्ण समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी आनंद कलादगि, सीएसपी एचआर पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों, गरबा आयोजकों एवं दशहरा उत्सव समितियों के पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे। एसपी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर पंडाल निर्माण, मूर्ति स्थापना, गरबा आयोजन, ध्वनि विस्तारक



यंत्र (डीजे/साउंड सिस्टम) और दशहरा चल समारोह के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी से समय सीमा के भीतर विधिवत वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

बिना अनुमति के कोई भी सार्वजनिक आयोजन मान्य नहीं होगा। सभी गरबा एवं पंडाल आयोजकों को कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में वालंटियर्स तैनात करने, उचित प्रकाश व्यवस्था रखने और मुख्य प्रवेश/निकास द्वारों पर अनिवार्य रूप से उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। गरबा स्थलों पर महिलाओं, युवतियों और बच्चों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएं। प्रवेश द्वारों पर उचित जांच और पहचान पत्र (आईडी) सत्यापन की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को दें। विद्युत वायरिंग में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का प्रयोग किया जाए तथा शॉर्ट सर्किट या आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव हेतु प्रत्येक पंडाल में अग्निशमन यंत्र और रेत-पानी की बाल्टियां अनिवार्य रूप से रखी जाएं, आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) मार्ग पूरी तरह खुला रहना चाहिए। दिशा-निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों की तीव्रता निर्धारित डेसिबल सीमा के भीतर ही रखी जाए तथा तय समय सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को को निर्देशित किया कि मुख्य बाजारों, पंडालों और विसर्जन मार्गों पर पार्किंग एवं सुचारू आवागमन की विशेष योजना तैयार करें, ताकि श्रद्धालुओं को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

आईजी इरशाद बली हटा थाना पहुंचे... अधिकारियों को निर्देश



● हटा/ राज न्यूज नेटवर्क

सागर रेंज के आईजी इरशाद बली गुरुवार को हटा थाना पहुंचे, जहां पुलिस अधिकारियों एवं थाना स्टाफ द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने आईजी को सलामी दी।

आईजी इरशाद बली ने हटा थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं पुलिसिंग से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने अपराधों की रोकथाम, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण, फरियादियों की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आईजी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी एवं तत्परता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, हटा एसडीओपी केपी सींग,थाना प्रभारी सुधीर बेगी सहित पुलिस थाना स्टाफ मौजूद रहा ।

केंद्र सरकार के विरोध में किया प्रदर्शन

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

पथरिया कांग्रेस के ब्लॉक कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी पथरिया के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के उपरांत राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नगर परिषद पथरिया के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं को कमजोर कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रहे थे, लेकिन उन्हें रोककर उनके साथ कथित रूप से बलपूर्वक व्यवहार किया गया। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को सवालों का जवाब देना चाहिए। । शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने कहा कि भारतीय संविधान विपक्ष को सत्ता के मनमाने फैसलों का विरोध करने तथा जनता के साथ मिलकर अपनी आवाज उठाने का अधिकार देता है। निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार को बर्खास्त करने की मांग राष्ट्रपति से करते हैं।



कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारतीय लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा तथा निर्वाचन व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर 8 अक्टूबर को देशभर में काला दिवस मनाया गया। उसी तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्ट्रेट को कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिन लोगों के इशारे पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं इंडिया गठबंधन के 300 सांसदों पर बल प्रयोग एवं लाठी चार्ज किया गया है, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। वीरेन्द्र दबे, तिलक सींग, विजय बहादुर सिंह, लालचंद राय, परम यादव, रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डीपी पटैल, अनूप दबे, शानु जुनेजा ने भी नारेबाजी करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार सीईसी को बचाने में लगी है।

भाजपा के प्रवक्ताओं द्वारा अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। युवाओं द्वारा चुनावों में पारदर्शिता की मांग करने पर पुलिस के सामने कर लाठियां चलायी जा रही हैं। हम बताना चाहते हैं कि चुनाव आयोग की अनीतियों का पर्दाफाश हो चुका है और हम तब तक संघर्ष करेंगे जब तक संबधित दोषियों के इस्तीफे नहीं हो जाते। इस अवसर पर श्रीकांत पौते, बाबू चौहान, दुर्गेश नामदेव, दिनेश परस्ते, रोहित सिंह के साथ अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

सुविधा | गौवंश संरक्षण अभियान को मिली गति, नई काउलिफ्टर वाहन का शुभारंभ

अब दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश: यादव



● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

जिले में निराश्रित एवं सड़क पर विचरण करने वाले गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए संचालित 'सड़क से गौशाला' अभियान को अब और गति मिलेगी। अभियान के दौरान वाहनों की उपलब्धता में आ रही समस्या को देखते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर एनएचआई (नेशलन हाइवे अथॉरटी ऑफ इंडिया) प्रबंधन द्वारा नया काउ लिफ्टर वाहन उपलब्ध कराया गया है। आज वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान के लिए रवाना किया।

निराश्रित गौवंश को सुरक्षित पहुंचाने के लिए बढ़ाई गई व्यवस्था : कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा अभियान का उद्देश्य गौवंश को सड़क पर बैठने और दुर्घटनाओं का शिकार होने से बचाना है। सड़क पर गौवंश के मौजूद रहने से आवागमन भी प्रभावित होता है तथा कई बार वाहन दुर्घटनाओं में गौवंश और आमजन दोनों घायल होते हैं। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए निराश्रित गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक पहुंचाने का कार्य लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने कहा जब तक जिले के सभी निराश्रित गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक नहीं पहुंचा दिया जाता, तब तक यह अभियान जारी रहेगा। ग्राम पंचायतों के माध्यम से तथा हांका दलों की सहायता से गौवंश को गौशालाओं तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा शहर में विशेष रूप से सांड एवं नंदी जैसे गौवंश को पकड़कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना कई बार कठिन होता है। ऐसे मामलों में काउ लिफ्टर वाहन की सहायता से गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।करीब 6 हजार गौवंश पहुंचा गौशालाओं में श्री यादव ने कहा अभियान के तहत अब तक करीब 6 हजार गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया जा चुका है। अभियान शुरू करने से पहले गौपालकों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने गौवंश को अपने परिसर एवं सुरक्षित परिवेश में रखें।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय , 1227,शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.)
Email - cs8243@pnb.bank.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'',''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

ई-नीलामी दिनांक एवं समय –03.11.2026 दोपहर12:00 बजे से 05:00 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 03.11.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम	अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण	अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	अ) आरक्षित मूल्य ब) घरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि
1. शाखा : जवाहरगंज ,जबलपुर (म.प्र.) **श्री नीलेश गौंड पिता हीरा सिंह** **पता – 1 :** 2910/1, एच/ओ राम किशोर दीक्षित, पूर्व कांजी हाउस, स्वामी वीरेंद्रपुरी वार्ड नंबर 02, गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) 482003, **पता – 2 :** देवरी, देवरी, जिला- दमोह, पिन-470880 **खाता नं. 021700JY00000038 और 021700NC00007477**	आवासीय प्लॉट का समस्त भू भाग व अंश और उस पर बना निर्माण, **प्लॉट एरिया 5300 वर्ग फीट**, जिसमें से **निर्मित एरिया 700 वर्ग फीट** , मौजा मिहगुंवा खुर्द स्थित, पीएच नं. 28/38, खसरा नं. 154/1/1/1 तहसील- तेंदूखेड़, जिला-दमोह, विक्रय पत्र नं. MP08952024A11341895 दिनांक 21.11.2024 और जिसकी **चतुर्सीमा** इस प्रकार हैं - **उत्तर** की ओर: विकेता राम किशोर दीक्षित की भूमि, **दक्षिण** की ओर: रोड, **पूर्व** की ओर : राजकुमार पटेल की संपत्ति, **पश्चिम** की ओर: विकेता राम किशोर दीक्षित की भूमि और उनका गोदाम, **मालिक और बंधकर्ता :** नीलेश गोंड पिता हीरा सिंह, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB021707477**	अ) **17.09.2025** ब) **10.12.2025** स) सांकेतिक आधिपत्य द) रु.**28,54,690.77** + ब्याज़ एवं अन्य व्यय	अ) **25,78,000.00** ब) **2,57,800.00** स) **03.11.2026** द) **10,000.00**

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना

नियम एवं शर्तें : (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। **(2)** संपत्तियों की बिक्री **''जो है, ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार** पर होगी। **(3)** ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(4)** विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। **(5)** संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

स्थानः जबलपुर, दिनांक 08.10.2026 — **पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी**